## ...ालय उपखण्ड अधिकारी, नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

...पत्र:–113 / 2020 दायर दिनांक: 29.07.2020

...S NO- 2020/00224

...ीन अधिकारी :–श्योराम (आर.ए.एस.)

1. भूरया उर्फ भूरालाल पुत्र शंकर जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
2. छोटी पुत्र शंकर जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
3. कमलेश पुत्र रामनारायण जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
4. फोरूलाल पुत्र रामनारायण जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
5. लेखराज पुत्र रामनारायण जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
6. प्रकाश पुत्र रामनारायण नाबालिग जर्येवली संरक्षक माता चौथी बाई जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
7. बंटी पुत्र रामनारायण नाबालिग जर्येवली संरक्षक माता चौथी बाई जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
8. चौथी बाई बेवा रामनारायण जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
9. राजी बाई पुत्री रामनारायण पत्नी लक्ष्मण जाति माली हाल निवासी रूणीजा तहसील हिण्डोली जिला बून्दी।
10. इन्द्रा बाई पुत्री रामनारायण जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तहसील नैनवां जिला बून्दी।
11. भंवरलाल माता धापू बाई पुत्र सोला जाति माली निवासी ग्राम अमरत्या पंचायत हिण्डोली जिला बून्दी।
12. मोहन माता धापू बाई पुत्र सोला जाति माली निवासी ग्राम अमरत्या पंचायत हिण्डोली जिला बून्दी।
13. फोरूलाल माता धापू बाई पुत्र सोला जाति माली निवासी ग्राम अमरत्या पंचायत हिण्डोली जिला बून्दी।
14. महावीर माता धापू बाई पुत्र सोला जाति माली निवासी ग्राम अमरत्या पंचायत हिण्डोली जिला बून्दी।
15. भूली पुत्री शंकर पत्नी रामनारायण जाति माली हाल निवासी राणीपुरा तहसील हिण्डोली जिला बून्दी।
16. मझली पुत्री शंकर पत्नी मोहन जाति माली निवासी माताजी की गली नैनवॉ जिला बून्दी।

–प्रार्थीगण

**बनाम**

1. भैरू आत्मज श्रवण जाति बैरवा निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तह0 नैनवां जिला बून्दी राज0
2. गेपाल आत्मज मोती जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तह0 नैनवां जिला बून्दी राज0
3. सोहन पुत्र मोती जाति माली निवासी ग्राम रामगंज पंचायत मरां तह0 नैनवां जिला बून्दी राज0
4. राजस्थान सरकार जर्ये भू–स्वामी तहसीलदार नैनवां

–अप्रार्थीगण

<u>प्रार्थना पत्र – अन्तर्गत धारा 251(क) आर.टी.एक्ट</u>

उपस्थितिः–
प्रार्थीगण के अभिभाषक श्री सीताराम नागर।

Signature Not Verified
Digitally signed by Shyoram
Date: 2021.09.13 10:19:06 IST
Reason: SelfAttested

निर्णय दिनांक 13.07.2021

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम रामगंज पटवार हल्का मरां तहसील नैनवॉ जिला बून्दी में भूमि खसरा संख्या 2900 रकबा 2 बीघा 12 बिस्वा स्थित है। यह कि उक्त ... जाने का एक

Reader/Decesion/2021

उपखण्ड अधिकारी
नैनवॉं (बून्दी)



Scanned with CamScanner

आगर सडक (रामगंज से कालामाल) से फटकर गै.मु. रास्ता 3147 में होता हुआ प्रार्थीगण के सामलाती संख्या 4145,4146 में होता हुआ 3139 की मेर के उत्तरी तरफ होकर खसरा संख्या 2900 में पहुंचता है। रास्ता 12 फीट चौडा है। इस रास्ते में होकर आवागमन करने, हल कुली, बैल ट्रेक्टर–ट्रोली एवं कृषि यंत्र सामान लाने ले जाने के रास्ते के रूप में उपयोग कर रहे है, जिसका प्रार्थीगण को अधिकार व सुखाधिकार प्राप्त हो चुका है। इस रास्ते को प्रार्थना पत्र के साथ प्रस्तुत परिशिष्ट "अ" में लाल स्याही से बता रखा है। अतः प्रार्थीगण को अधिकार प्राप्त है कि प्रार्थीगण विवादित रास्ते को 15 फीट चौडा कराकर रास्ता होना घोषित करवाये तदनुसार जमाबंदी, नक्शा ट्रेस एवं अन्य भू–राजस्व अभिलेखों में रास्ता दर्ज करवायें एवं प्रत्यार्थीगण के विरूद्व इस आशय की स्थाई निषेधाज्ञा जारी की जावे कि प्रत्यार्थीगण विवादित रास्ते को अवरूद्व नहीं करे, प्रार्थीगण के आवागमन में कोई हस्तक्षेप न तो स्वयं करे न ऐसा किसी अन्य से करवाये। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में शपथ पत्र, नकल जमाबन्दी 2072–2075 व नक्शा ट्रेस आदि पेश किये।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया। तहसीलदार नैनवॉ की रिपोर्ट अनुसार खसरा संख्या 2900 रकबा 2–12 वीघा तक जाने के लिए खसरा संख्या 3139 में से 52.8*13.2 = 696.96 वर्गफीट अर्थात 0.0064 हैक्ट0 भूमि रास्ते के लिए दिया जाना उचित होगा। यह कि इसके अतिरिक्त खसरा संख्या 2900 तक पहुंचने का कोई अन्य सुलभ रास्ता रिकॉर्ड एवं मौके पर मौजूद नहीं है। यह कि उक्त रास्ते को रिपोर्ट नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाया गया है।

हमने प्रार्थना पत्र, शपथ पत्र, प्रस्तुत रिकॉर्ड दस्तावेज व रिपोर्ट तहसीलदार का अवलोकन किया। प्रार्थना पत्र में बहस सुनी गयी । प्रार्थीगण को रास्ता दिया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है। तहसीलदार नैनवां ने भी अपनी रिपोर्ट में प्रार्थीगण को प्रस्तावित नक्शा ट्रेस के अनुसार रास्ता दिया जाना उचित बताया है। अतः ग्राम रामगंज पटवार हल्का मरां तहसील नैनवॉ जिला बून्दी में भूमि खसरा संख्या 2900 रकबा 2 बीघा 12 बिस्वा पर आने जाने तथा ट्रेक्टर–ट्रोली आदि लाने ले जाने हेतु खसरा संख्या 3139 में से 52.8 * 13.2= 696.96 वर्गफीट अर्थात 0.0064 हैक्ट भूमि प्रस्तावित रास्ता व नक्शा ट्रेस में लाल स्याही से दर्शाया गया है के अनुसार 15 फिट चौडा रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किये जाने के आदेश दिये जाते है। नक्शा परिशिष्ठ को परिशिष्ठ 'क' नाम दिया गया है जो न्यायालय निर्णय का अभिन्न अंग होगा। रास्ते के उपयोग में आने वाली भूमि का प्रतिकर नियमानुसार राजकोष में जमा होने के उपरान्त रास्ता राजस्व रिकॉर्ड में कायम किया जावें। तहसीलदार नैनवां को आदेशित किया जाता है कि मौके पर रास्ता बहाल किया जावें। निर्णय आज दिनांक 13.07.2021 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी

उपखण्ड अधिकारी
नैनवॉ
नैनवॉ (बून्दी)

Signature Not Verified

Digitally signed by Shyoram
Date: 2021.09.13 10:19:06 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner